# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान का एकमात्र एवं प्रथम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म कहां विकसित किया जा रहा है?

(A) जोधपुर

**(B) पाली**

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

पशुओं में नस्ल सुधार और उनके संरक्षण की दिशा में राजस्थान ने 9 अगस्त को एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश के एकमात्र एवं प्रथम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म' के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया।

यह शिलान्यास पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव साण्डेराव में स्थापित हो रहे इस सेंटर के प्रशासनिक भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

संभंतया यह देश का भी पहला एवं एकमात्र एक्सीलेंस इंडीजिनस सेंटर है, जहां एक साथ गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊंट व घोड़े की 30 प्रजातियों के नस्ल सुधार एवं संवर्धन का कार्य होगा।

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) जयपुर के होटल मेरिएट में आयोजित 'मिटश्योर ओलंपियाड मास्टर्स' के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में राजस्थान की छात्रा गौरांगी शर्मा ने इस ओलंपियाड में टॉप कर इतिहास रच दिया है।

(B) विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गौरांगी का चयन नासा (NASA) विजिट के लिए किया गया है।




**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं
(B) केवल A सत्य है
(C) केवल B सत्य है
(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

जयपुर के होटल मेरिएट में आयोजित 'मिटश्योर ओलंपियाड मास्टर्स' के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में राजस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की गई। सवाई माधोपुर जिले के छोटे से कस्बे खंडार की रहने वाली छात्रा गौरांगी शर्मा ने इस ओलंपियाड में टॉप कर इतिहास रच दिया है।

- विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गौरांगी का चयन नासा (NASA) विजिट के लिए किया गया है। वह इस प्रतिष्ठित वैज्ञानिक यात्रा के लिए राजस्थान से चुनी गई एकमात्र छात्रा हैं।
- गौरांगी सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट हैं। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के कई कड़े चरण शामिल थे। इस प्रतिस्पर्धा में देशभर से 1 लाख से अधिक बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से अंतिम रूप से केवल 4 स्टूडेंट्स को अमेरिका स्थित नासा जाने का अवसर मिला है।
- गौरांगी के अलावा हरियाणा से आयशा और मध्य प्रदेश से शुभ जैन व जयप्रकाश पांडे का चयन हुआ है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—


(1) राजस्थान से डॉ. CP जोशी राजीव गांधी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

(2) डॉ. जोशी के राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष कार्यकाल में राजस्थान की रणजी टीम ने 2011 और 2012 में लगातार दो बार खिताब जीता।

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- राजस्थान क्रिकेट को बढ़ावा देने और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सीपी जोशी को राजीव गांधी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।
- 20 अगस्त को शाम 5 बजे आयोजित समारोह में उन्हें पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के तहत नकद राशि और स्मृति चिह्न दिया जाएगा।
- अवार्ड के चयन के लिए पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी।
- समिति में पूर्व रणजी कप्तान संजय व्यास और मोहम्मद असलम भी शामिल थे। समिति ने सर्वसम्मति से डॉ. जोशी के नाम का चयन किया।
- डॉ. जोशी के राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष कार्यकाल में राजस्थान की रणजी टीम ने 2011 और 2012 में लगातार दो बार खिताब जीता।

03. दो दिवसीय राष्ट्रीय जादू सम्मेलन में किस जिले के इंजीनियर जादूगर मनोज कौशिक को जादू के क्षेत्र में 'ताज जादू श्री 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जादू सम्मेलन में बीकानेर के इंजीनियर जादूगर मनोज कौशिक को जादू के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'ताज जादू श्री 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- ताज मैजिक सोसायटी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक जादूगरों ने भाग लिया। राजस्थान से भी 10 से 12 जादूगरों ने सम्मेलन में सहभागिता की। कार्यक्रम में जादू प्रतियोगिता, जादू प्रदर्शन एवं जादू की विभिन्न विधाओं पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
- समारोह में इंजीनियर जादूगर मनोज कौशिक एवं जादूगर अजूबा को 'ताज जादू श्री 2026' से सम्मानित किया गया।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थानी सिनेमा में एक छोटे बजट में बनी फिल्म ओमलो' ने डिजिटल प्लेटफॉर्म ओटीटी पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नंबर 1 ट्रेंडिंग पर कब्जा किया है.

(2) फ़िल्म को अभिनय, निर्देशन सहित कई वर्गों में 24 अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थानी सिनेमा में एक छोटे बजट में बनी फिल्म ने नया इतिहास रचा है. दरअसल, फिल्म 'ओमलो' ने डिजिटल प्लेटफॉर्म ओटीटी पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नंबर 1 ट्रेंडिंग पर कब्जा किया है.

फ़िल्म को अभिनय, निर्देशन सहित कई वर्गों में 24 अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है. 'ओमलो' एक संवेदनशील और इमोशनल कहानी है, जो इंसानी रिश्तों, संघर्षों और जीवन की जटिल परिस्थितियों को राजस्थान की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में प्रस्तुत करती है.

3 जुलाई को Waves OTT पर रिलीज हुई फिल्म फिल्म को दर्शकों का लगातार प्यार मिल रहा है. अब यह फिल्म दुनिया भर के 120 से अधिक देशों में दर्शकों तक पहुंच चुकी है

वेव्स ओटीटी पर लगातार दो हफ्ते तक नंबर 1 पोजिशन पर बने रहना और 120 से ज्यादा देशों में दर्शकों तक पहुंचना 'ओमलो' की सफलता को दर्शाता है. IMDb पर भी फिल्म को 8.2 की रेटिंग मिली है

05. राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा पॉलिसियों के अनुमोदन से पहले सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु नए दिशा-निर्देश किसने जारी किए हैं ?

(A) राजस्थान शिक्षा विभाग

(B) राजस्थान कृषि विभाग

(C) राजस्थान वित्त विभाग

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

‘ ◾ राजस्थान कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत फसल बीमा पॉलिसियों के अनुमोदन से पहले सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

👁️ ये निर्देश खरीफ 2026 से लागू होंगे। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि गैर-ऋणी किसानों की फसल बीमा पॉलिसियों का सत्यापन निर्धारित निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। इसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अधिसूचित बीमा कंपनी का होगा।

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-172

1. **'राजस्थान** फूड पार्क विकास नीति-2026' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है?
(A) संभाग मुख्यालयों पर एक-एक मेगा फूड पार्क बनाना
(B) प्रत्येक जिले में क्लस्टर आधार पर फूड पार्क विकसित करना
(C) केवल 5 विशेष आर्थिक क्षेत्र फूड पार्क स्थापित करना
(D) केवल विदेशी निवेशकों के लिए फूड पार्क आरक्षित करना

2. **प्रतिवर्ष** 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' कब मनाया जाता है?
(A) 5 अगस्त (B) 7 अगस्त
(C) 9 अगस्त (D) 15 अगस्त

3. **'डिजिटल** राजस्थान' पहल के तहत आमजन को निवास, आय, और जाति प्रमाण पत्र जैसी सरकारी सेवाएं घर बैठे किस मैसेजिंग ऐप के जरिए उपलब्ध करवाई जा रही हैं?
(A) टेलीग्राम (B) वाट्सअप
(C) एक्स (D) इंस्टाग्राम

4. **जेलों** में बंद किशोरों की पहचान करने और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य में कौन सा अभियान संचालित है?
(A) नवजीवन अभियान
(B) बाल संरक्षण विधिक सहायता
(C) युवाओं का पुनर्वास अभियान
(D) मुस्कान योजना

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक वनस्पति प्रजाति' के तहत नागौर जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) करंज का पेड़ (B) खेजड़ी
(C) नीम (D) बरगद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान में 16 साल बाद 42वीं सब जूनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन कहां किया गया?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine